




नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 20 मार्च, 2026

# महिला सशक्तिकरण थीम पर प्रस्तुति

## महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया, विधायक ने आश्वसत किया विधानसभा का भ्रमण करायेंगे

नवभारत न्यूज

**बंडा 19 मार्च. शासकीय महाविद्यालय में रंगारंग वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित हुआ.**

कार्यक्रम विधायक वीरेन्द्र सिंह, मंगल सिंह, विवेक मिश्रा, वैभवराज कुकरेले, अनुरूद्ध सिंह के आतिथ्य में संपन्न हुआ. अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कुलदीप यादव ने की. इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि महाविद्यालय निरंतर शिक्षण के साथ-साथ शैक्षैणिकत्तर गतिविधियों में आगें बढ़ रहा है, वास्तव में वार्षिक उत्सव वर्षभर की गतिविधियों का दर्पण है. उन्होनें अगले सत्र में विद्यार्थियों को विधानसभा भ्रमण के लिये आश्वस्त किया.इस कार्यक्रम में डॉ0 यादव वार्षिक



प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुये बताया कि इस सत्र में 100 से अधिक कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित किये गये है, जो विद्यार्थियों के लिये हितकर साबित हुये है.

समारोह में खेल तथा युवा उत्सव से संबंधित विधाओं में विश्वविद्यालय स्तर, राज्य, संभाग, जिला एवं महाविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल और पुरस्कार से सम्मानित किया गया. इसी समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिला सशक्तिकरण थीम को दृष्टिगत रखते हुये छात्राओं के द्वारा उत्कृष्ट नृत्य प्रदर्शित किये गए.

इस अवसर पर डॉ. एच.आर. ठाकुर, डॉ. सोहन कुमार यादव, डॉ. संजय सिंह ठाकुर, डॉ. जितेन्द्र भटेले, डॉ. प्रकाश मावी, डॉ. आयुषी असाटी, डॉ. रूपक जैन, डॉ. अजब सिंह ठाकुर, डॉ. बाबूलाल अहिरवार, डॉ. मनोज जैन, डॉ. दीप्ति जैन, डॉ. सुनील चक्रवर्ती, डॉ. विजय बहादुर चौबे, डॉ. विनीत गुरू, डॉ.एस.सी. अवस्थी, डॉ0 सुखनंदन रायकवार, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, नीलेश पटेल, तथा विवेक, नीरज, राघवेन्द्र, राजीव, अरूण, अनिल, अनिकेत, विजेन्द्र, क्रतार्थ, राधिका, उपासना, राधिका अहिरवार, रोशनी, चंदा, कल्पना, सोनिया, वैष्णवी शालू, आकांक्षा, सहित महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन डॉ. नितीश ओबराइन ने किया तथा आभार डॉ.शैलेन्द्र सकवार ने माना.

## निगमायुक्त को ज्ञापन

**सागर.** क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष नीरज सिंह नयाखेड़ा के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर निगम आयुक्त से भेंट कर पूर्व प्रस्तावित महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना की तैयारियों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु ज्ञापन सौंपा. अध्यक्ष ने निगमायुक्त राजकुमार खत्री को अवगत कराया कि इस पूर्व प्रस्तावित प्रतिमा की स्थापना हेतु समाज लंबे समय से प्रयासरत है. ज्ञापन के माध्यम से समाज ने मांग रखी कि प्रतिमा स्थापना से संबंधित सभी तकनीकी और प्रशासनिक तैयारियां आगामी जून माह में आने वाली महाराणा प्रताप जयंती से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर ली जाएं. समाज की मंशा है कि महाराणा प्रताप जयंती पर प्रतिमा का अनावरण सुनिश्चित हो सके. इस दौरान क्षत्रिय समाज के युवाजिलाध्यक्ष संदीप सिंह, संतोष सिंह, विक्रम सिंह, अभिषेक सिंह सहित प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे.

# तनाव से बौद्धिक व मानसिक विकास अवरुद्ध

## गर्ल्स कॉलेज और माइंड केयर के बीच शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक सहयोग के लिए एमओयू

नवभारत न्यूज

**सागर 19 मार्च. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा सागर माइंड केयर के साथ शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन एमओयू निष्पादित किया गया.**

इस समझौते पर प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी एवं सागर माइंड केयर के निदेशक तथा मनो विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. एसके गुप्ता द्वारा हस्ताक्षर किए गए. प्राचार्य डा. आनंद तिवारी ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यवहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं शोध के अवसर उपलब्ध कराना है. डा. संतोष गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में छात्र छात्रायें अनेक प्रकार के मानिक तनाव ले ग्रसित रहते हैं जिससे उनका बौद्धिक एवं मानसिक विकास अवरोधित हो जाता है. हमारी संस्था सागर माइंड केयर यहाँ की छात्राओं की काउंसलिंग कर उनकी निराशा हताशा को मनोवेज्ञानिक तरीके से दूर करेंगे.



मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्य डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. नरेश नेमा की भूमिका रही. महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, यह समझौता शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ छात्रों को व्यवसायिक रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो अकादमिक और समाज के बीच मजबूत संबंध स्थापित करेगा. विद्यार्थियों को काउंसलिंग, मनोवैज्ञानिक आकलन, केस डॉक्यूमेंटेशन एवं इंटरवेंशन प्लानिंग में व्यावहारिक अनुभव मिलेगा. एमओयू के दौरान डॉ एम एम चौकसे, डॉ नवीन गिडियन, डॉ अंजना नेमा, डॉ पद्मा आचार्य, डॉ संजय खरे, सौरभ कुशवाहा उपास्थित रहे.

# तीन रूपों में दर्शन देती मां शीतला

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 19 मार्च. बीना नदी के किनारे बनेनीघाट के पास मां शीतला मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है.**

मंदिर के पुजारी पंडित अरुण पांडे बबलू महाराज ने बताया कि इस मंदिर में विराजमान मां शीतला की प्रतिमा के दर्शन करने से श्रद्धालुओं को मां तीन रूप में दर्शन देती हैं. ऐसी मान्यता है कि मां की प्रतिमा सुबह नौ वर्ष की कन्या के रूप में, दोपहर के समय युवा अवस्था में एवं शाम होते ही वृद्ध मां के रूप में दर्शन देती है. इस मंदिर के बारे में अनेक किवंदती शामिल है. कहा जाता है कि राहतगढ़ नगर के प्राचीन ऐतिहासिक किला के राजा भी मां शीतला के तीन रूपों के दर्शन करने के लिए इसी मंदिर में आते थे, इनमें राजा दरकसिंह जो अपने किसी जरूरी कार्य एवं युद्ध जैसे विशेष कार्य करने से पहले शीतला माता के दर्शन करने जरूर आते थे, इसके बाद वह मां का आशीर्वाद लेकर जाते थे.

इसी तरह राजा ज्वालासिंह जिनका ओरछा सहित पूरे बुंदेलखंड में बोलबाला था, उन पर मैहर वाली मां शारदा की विशेष कृपा थी, वह भी इस मंदिर में विराजमान मां शीतला के दर्शन करके अपने आप को धन्य समझते थे.

## बेतवा नदी में शव मिला

**बीना.** आगासौद थाना क्षेत्र में बेतवा नदी से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. हांसलखेड़ी गांव के पास मिले इस शव को करीब तीन से चार दिन पुराना बताया जा रहा है. पुलिस ने शव को नदी से निकालकर मॉर्चुरी में रखवाया है. जानकारी के अनुसार हांसलखेड़ी गांव निवासी कमल सिंह ठाकुर अपने खेत की ओर गए थे, उनका खेत बेतवा नदी के पास है. तभी उनकी नजर नदी में पड़े शव पर पड़ी. कोटवार की सूचना पर आगासौद पुलिस मौके पर पहुंची थी. पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला.

# बकाया वसूली को लेकर 800 कनेक्शन काटे

नवभारत न्यूज

**सागर 19 मार्च. शहर संभाग सागर में विद्युत विभाग द्वारा माह मार्च के दौरान बकाया वसूली को लेकर सख्त एवं व्यापक अभियान चलाया गया.**

बड़े बकायादारों के विरुद्ध डीआरए एक्ट के तहत तालाबंदी की कार्रवाई की गई. विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शहर के चारों उपसंभागों में 100 से अधिक टीमों का गठन कर लगातार फील्ड में उतारा गया है, जो बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध कनेक्शन विच्छेदन एवं वसूली की कार्रवाई कर रही हैं.



विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेदित किए जा चुके हैं, यदि वे पुनः अवैध रूप से बिजली जोड़ने का प्रयास करते हैं, तो उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है. वर्तमान स्थिति के अनुसार 5000 से अधिक बकाया राशि वाले लगभग 800 से अधिक उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा चुके हैं. कार्यपालन यंत्री ने बताया कि बकाया वसूली में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी.

# किला परिसर मैदान का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**खुरई 19 मार्च. युवा नेता अविराज सिंह 2 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले डोहेला महोत्सव की तैयारियों का किला परिसर मैदान पहुंचकर निरीक्षण किया और निर्माण व व्यवस्थागत कार्यों का जायजा लिया.**

इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष डोहेला महोत्सव को और अधिक आकर्षक सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता और तय मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं.

# जल शोधन केंद्र निरीक्षण के दौरान निर्देश

नवभारत न्यूज

**खुरई 19 मार्च. जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण सीएमएचओ राजेश मेहतेले द्वारा किया गया.**

सहायक यंत्री अविनाश रावत ने जल शोधन संयंत्र की कार्यप्रणाली, जल शुद्धिकरण प्रक्रिया एवं वितरण आपूर्ति व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया. सीएमओ श्री मेहतेले ने उपयंत्री शैलेंद्र सिंह एवं जल आपूर्ति प्रभारी रामगोपाल अहिरवार को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर में समय पर पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि जल की गुणवत्ता,



स्वच्छता एवं सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए. उन्होंने स्वच्छता पर्यवेक्षक नीतेश श्रीवास्तव को जल शोधन संयंत्र पहुंच मार्ग की बेहतरी से साफ सफाई करवाने और मार्ग में उग रहे खरपतवार,झाड़ियों को हटवाने के लिए निर्देशित किया. उन्होंने संबंधितों को जल आपूर्ति व्यवस्था का नियमित परीक्षण करने एवं यह सुनिश्चित करने कि नागरिकों को जलापूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े. स्वच्छ जल पर्याप्त जल और समय पर जल आपूर्ति प्राथमिकता है.

# किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण



नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 19 मार्च. शासकीय हाईस्कूल बराज मे एचपीवी वैक्सीनेशन डे के बालिकाओं को वैक्सीन लगाई गई.**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरायठा में वैक्सीनेशन सेंटर बनाया गया जिसमें 31 बालिकाओं, संकुल में 91 बालिकाओं को वैक्सीन लगाई. सभी सेंटरो का निरीक्षण तहसीलदार ज्ञानचंद राय द्वारा किया गया जिसमें दलपतपुर रूरावन गुगरा खिलौना बरेठी बरायठा किशनपुरा हीरापुर शाहगढ़ आदि का निरीक्षण किया गया. एसडीएम और तहसीलदार ने कहा कि अपनी 14 एवं 15 वर्ष के बीच की बालिकाओं को यह वैक्सीन अवश्य लगवाएं.

# ईदगाह पर विशेष नमाज को लेकर तैयारियां

नवभारत न्यूज

**सागर 19 मार्च. पवित्र रमजान माह अब समाप्ति की ओर है और महज दो दिन बाद ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया जाएगा,इसको लेकर मोतीनगर लहदरा नाका स्थित ईदगाह में तैयारियां जोरों पर हैं.**

ईद की विशेष नमाज को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है. मोतीनगर ईदगाह में इन दिनों व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है. नमाज अदा करने आने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए मैदान, रास्तों और



आसपास के क्षेत्रों को पूरी तरह स्वच्छ बनाया जा रहा है. मोतीनगर स्थित कब्रिस्तान तंजीम कमेटी के अध्यक्ष इरशाद खान पप्पू पहलवान ने बताया किईद की नमाज को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है. कमेटी के सदस्य लगातार निगरानी कर रहे हैं.

श्री खान ने बताया कि तेज धूप को देखते हुए नमाजियों के लिए विशेष रूप से पेयजल, अस्थायी टेंट और छांव की व्यवस्था की जा रही है. जूता-चप्पल रखने के लिए अलग स्थान भी चिन्हित किए गए हैं. प्रशासन के साथ समन्वय कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जा रहा है.

# समय सीमा में शिकायतों का निराकरण करने के दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सागर 19 मार्च. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की.**

निगमायुक्त ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय सीमा में किया जाए, ताकि नगर निगम सागर की रैंकिंग पूर्व की तरह उत्कृष्ट बनी रहे. उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्य करते हुए संबंधित शिकायतकर्ता से सीधे संपर्क स्थापित करें और उनकी समस्या का समाधान सुनिश्चित करें.

# नरवाई जलाना पर्यावरण के लिए हानिकारक

नवभारत न्यूज

**सागर 19 मार्च. कलेक्टर संदीप जी.आर द्वारा नरवाई प्रबंधन को लेकर कृषि संगठनों और किसानों के साथ आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में परिचर्चा की गई.**

उन्होंने कृषि संगठनों के साथ विशेष परिचर्चा कर किसानों को जे-फार्म ऐप और आधुनिक मशीनों से जोड़ने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि नरवाई जलाना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि यह जमीन के मित्र कीटों को भी मार देता है, सुपर सीडर का उपयोग करें, यह कचरे को खाद में बदल देता है. कलेक्टर के निर्देश पर जिले में कृषि सुधार, नरवाई प्रबंधन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई.





बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और पर्यावरण संरक्षण का समन्वय आवश्यक है. उन्होंने नरवाई प्रबंधन जिसके तहत फसल कटाई के बाद अवशेषों को जलाने से रोकने और उनके उचित निष्पादन के निर्देश दिए. प्राकृतिक खेती से रसायनों के प्रयोग को कम कर प्राकृतिक खेती को जन-आंदोलन बनाने पर जोर दिया. कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि कम्बाइन हार्वेस्टर का उपयोग करते समय स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवाएं, साथ ही, हार्वेस्टर मालिकों को स्ट्रॉ रीपर मशीन रखने की सलाह दी गई है ताकि नरवाई को भूसे में बदलकर आर्थिक लाभ लिया जा सके. इसी प्रकार फायर प्रूफ पट्टी का मॉडल आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए एक व्यावहारिक समाधान सुझाया गया.

# वनडे इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट फाइनल संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 19 मार्च. डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंडर-18 वनडे इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला छतरपुर जिला एवं दमोह जिला के मध्य खेला गया.**

मैच में छतरपुर जिला ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए दमोह जिला की टीम 46.4 ओवर में 149 रन पर ऑलआउट हो गई. दमोह की ओर से दिव्यम गुप्ता ने 48 रन एवं अरिजीत खरे ने 28 रन का योगदान दिया. छतरपुर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए अजय चौरसिया ने 3 विकेट, जबकि गौरांग कच्छवाह, सत्यम कुशवाहा एवं निष्कर्ष सक्सेना ने 2-2 विकेट प्राप्त किए.


## शांति विधान एवं श्रद्धांजलि सभा



जन्म
मंगलवार, 10 जून 1951
ज्येष्ठ शुक्ल पंचमीं

देवलोक गमन
गुरुवार, 5 मार्च 2026
चैत कृष्ण द्वितीया

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
**श्रीमती शीला जैन** (3 प्रतिमाधारी)
शांतिनाथ धाम पंचकल्याणक में भगवान की माता
का देह परिवर्तन दिनांक 05 मार्च 2026 को प्रातः हो गया है।
अतः आत्मशांति हेतु शांति विधान एवं श्रद्धांजलि सभा
शनिवार, 21 मार्च 2026 को है। सो जानवी

शांति विधान - प्रातः 7.00 बजे - श्री गौराबाई दिगम्बर जैन मंदिर, कटरा, सागर
श्रद्धांजलि सभा - प्रातः 10.30 बजे - एम.एस. गार्डन, तिलकगंज, सागर

दु:खी हृदय
पति : सुरेन्द्र कुमार जैन 'घड़ी' पुत्र-पुत्रवधु : शैलेन्द्र - श्रीमती आरती जैन
पुत्री-दामाद : श्रीमती सीमा-धरणेन्द्र कुमार जैन (कलेक्टर उमरिया),
श्रीमती शुभ्रा-डॉ. बाहुवली जैन, इंदौर, श्रीमती स्वाति-डॉ. सुनील जैन, बिलासपुर

निवेदक : सन्तोष कुमार जैन 'घड़ी', डॉ. सत्येन्द्र जैन, संदीप जैन
BTIRT परिवार, सागर मो. 9425092365


# जीवों को बचाना ही सबसे बड़ा धर्म : मुनिश्री

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 19 मार्च. निर्यापक श्रवण मुनि पुंगवश्री सुधासागर महाराज ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रहे मानव ऑर्गेनाइजेशन और उनके गौरैया बचाओ अभियान की मुक्त कंठ से सराहना की है.**

जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम के दौरान महाराजश्री ने संगठन के संस्थापक पुष्पेंद्र सिंह चौहान और उनकी टीम के प्रयासों को मानवता और प्रकृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया. इस दौरान टीम के सदस्य डा.राजीव निरंजन, अभय जैन, सचिन जैन, बलराम कुशवाहा, गौरव ड्योढिया उपस्थित रहे.

संगठन द्वारा गौरैया के लिए बनाए जा रहे कृत्रिम लकड़ी के घोंसलों का अवलोकन करते हुए महाराज जी ने कहा कि यह सराहनीय पहल है. उन्होंने समाज को संदेश दिया कि हर व्यक्ति को अपने घर, बालकनी और फार्म हाउस में ऐसे घोंसले लगाने चाहिए. उन्होंने टीम को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन जीवों को बचाओ जिन्हें दुनिया नहीं बचा रही है. गौरैया बचाओ अभियान में अब मैं भी आपके साथ जुड़ता हूँ. समाचार के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि मानव ऑर्गेनाइजेशन वर्ष 2006 से पर्यावरण व वर्ष 2011से विलुप्त होती गौरैया के संरक्षण के लिए जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है.

महाराजश्री ने कहा कि प्रकृति ने जितने भी जीव-जंतु बनाए हैं, वे मनुष्य के लिए हितकारी हैं. उन्होंने कहा कि पहले सुबह-शाम गौरैया की जो चीं-चीं सुनाई देती थी, वह अब गायब हो गई है. विज्ञान आज इतना अंधा हो गया है कि वह केवल मानव सुख के पीछे भाग रहा है, यह भूलकर कि इन बेजुबान पक्षियों की उपस्थिति ही हमारा सबसे बड़ा उपकार है.

# छह मंडलों का प्रशिक्षण वर्ग



नवभारत न्यूज

**ललितपुर 19 मार्च. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत 6 मंडलों का प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ.**

मंडल जाखलौन में आयोजित द्वितीय दिवस के सत्रों में अरुण प्रकाश द्विवेदी ने कार्य विस्तार की. सुरेश टोंटे ने बूथ प्रबंधन,सुरेश प्रकाश कौंते ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन और अवतार लोधी ने सोशल मीडिया, नमो ऐप,सरल ऐप के उपयोग को कैसे करें. कस्बे के एक निजी विद्यालय में प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने संगठन की कार्य पर जोर दिया.